माधव प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान, ग्वालियर
MADHAV INSTITUTE OF TECHNOLOGY & SCIENCE, GWALIOR
Deemed University
(Declared under Distinct Category by Ministry of Education, Government of India)
NAAC ACCREDITED WITH A++ GRADE
Gola Ka Mandir, Gwalior (M.P.) - 474005, INDIA
Ph.: +91-751-2409300, E-mail: vicechancellor@mitsgwalior.in, Website: www.mitsgwalior.in

**क्रमांक.** 81 **दिनांक:** 21.08.2025

# सूचना

**प्रेषक संदर्भ:** क्रमांक/05/योजना/एम/2025/574, **दिनांक:** 20.08.2025

यह सभी पात्र छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि **वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद - उन्नत पदार्थ एवं प्रक्रम अनुसंधान संस्थान (CSIR–AMPRI)**, भोपाल, **मध्यप्रदेश शासन** की **कौशल संवर्धन योजना** के अंतर्गत अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संस्थानों के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है (पात्रता के अनुसार)।

**इस योजना के अंतर्गत:**

- प्रदेश के **अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संस्थानों के पात्र छात्र-छात्राओं को कौशल-आधारित प्रशिक्षण** प्रदान किया जाएगा।
- प्रशिक्षण **निःशुल्क** होगा।
- प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न **वैज्ञानिक एवं तकनीकी क्षेत्रों** से संबंधित विषय सम्मिलित होंगे।
- प्रशिक्षण **कौशल संवर्धन योजना** के अंतर्गत छात्रों की **रोज़गारपरक एवं तकनीकी दक्षता** को बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

**महत्वपूर्ण जानकारी:**

- प्रशिक्षण का संचालन **सीएसआईआर-एएमपीआरआई, भोपाल** द्वारा किया जाएगा।
- प्रशिक्षण से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु छात्रगण संपर्क कर सकते हैं:
  **डॉ. आर. के. भारिल्य**, वरिष्ठ प्रमुख वैज्ञानिक,
  सीएसआईआर-एएमपीआरआई, भोपाल **(मोबाइल:** 8878819881)

अतः सभी पात्र छात्र-छात्राओं से निवेदन है कि इस अवसर का लाभ उठाएँ एवं अधिक जानकारी हेतु संलग्न विवरणिका (Enclosure) को ध्यानपूर्वक देखें।

**सलंग:** उपरोक्तानुसार

N Paliwal 21/8/25
**रजिस्ट्रार**

**प्रतिलिपि सादर प्रेषित:**

1. डॉ. यतीन्द्र सिंह ठाकुर, अतिरिक्त संचालक, तकनीकी शिक्षा, मध्य प्रदेश - सादर सूचनार्थ।
2. विभागाध्यक्ष, यांत्रिक अभियांत्रिकी / सिविल अभियांत्रिकी - कक्षा समन्वयकों के माध्यम से सभी विद्यार्थियों को सूचित करने हेतु एवं आवश्यक कार्यवाही करने हेतु सविनय अनुरोध
3. वेब प्रबंधक - विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु सादर निवेदन।
4. माननीय कुलपति कार्यालय - सादर अवलोकनार्थ।
5. सम कुलपति कार्यालय - सादर अवलोकनार्थ।
6. रजिस्ट्रार

# कार्यालय आयुक्त तकनीकी शिक्षा मध्यप्रदेश

(म.प्र. शासन, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग)
पूर्व खण्ड, चतुर्थ तल, सतपुड़ा भवन, भोपाल 462004
दूरभाष 0755-2576751 ई-मेल आईडी ctemp.bpl@mp.gov.in, dte5.planning@mp.gov.in


क्रमांक/05/योजना/एम /2025/ 574 /भोपाल दिनांक 20/8 /2025

प्रति,

समस्त प्राचार्य,
शासकीय/ स्वशासी इंजीनियरिंग ,पोलीटेकनिक महाविद्यालय,
महिला पोलीटेकनिक महाविद्यालय, मध्यप्रदेश।

**विषयः** सी.एस.आई.आर, मध्य प्रदेश सरकार की कौशल संवर्धन योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों का प्रशिक्षण।

**संदर्भः** सी.एस.आई.आर, एम्प्री, भोपाल का पत्र क्रमांक AMPRI/Skill/2025/1-2 दिनांक 6/5/25 1600-428889/2636925/2025/42-2, दिनांक 28/7/25

-----00-----

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि सी.एस.आई.आर, एम्प्री से प्राप्त संदर्भित पत्र का अवलोकन करें। पत्रानुसार सी.एस.आई. आर, एम्प्री, भोपाल ने मध्य प्रदेश शासन की कौशल संवर्धन योजना अंतर्गत अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संस्थाओं के विद्यार्थियों का प्रशिक्षण में सम्मिलित करने प्रस्ताव दिया है।

वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद्, (सी.एस.आई.आर.) नई दिल्ली, भारत सरकार का एक स्वायत्त विज्ञान एवं तकनीकी से सम्बंधित निकाय है, जिसमें भारत सरकार की वित्तीय मदद से अनुसंधान एवं विकास गतिविधियां संचालित होती हैं। प्रगत पदार्थ एवं प्रक्रम अनुसंधान संस्थान (एम्प्री), भोपाल, सी.एस.आई.आर., नई दिल्ली का एक विश्व प्रसिद्ध संस्थान है जिसमें प्रगत पदार्थो के संबंध में शोध कार्य किये जाते हैं। संस्थान में कौशल संवर्धन परियोजना अंतर्गत विभिन्न अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संस्थाओं के विद्यार्थियों का प्रशिक्षण भारत शासन की योजनान्तर्गत हो रहा है। 5 दिवसीय कौशल संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम मुख्यतः मैकेनिकल एवं सिविल विधाओं के विद्यार्थियों के लिए हैं।

सी.एस.आई.आर, एम्प्री, भोपाल से प्राप्त ट्रेनिंग कैलेंडर संलग्न है। विद्यार्थियों के लिए ट्रेनिंग कार्यक्रम पूर्णतः निशुल्क रहेगा। ट्रेनिंग सम्बंधित अधिक जानकारी के लिए डॉ. आर के भारिल्य, वरिष्ठ प्रमुख वैज्ञानिक (मोबाइल नो. 8878819881) सी.एस.आई.आर, एम्प्री, भोपाल से संपर्क किया जा सकता है।

अतः समस्त प्राचार्य निर्देशानुसार कार्यवाही करें एवं की गई कार्यवाही से dte5.planning@mp.gov.in ईमेल पर सूचित करें।

**संलग्नः उपरोक्तानुसार**

Digitally signed by
Yatindra Singh Thakur
Date: 19-08-2025
(डॉ. यतीन्द्र सिंह ठाकुर)
अतिरिक्त संचालक
तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश

पृ0 क्रमांक/यो/05/एम/2025/ 575 /भोपाल दिनांक 20/8/2025

**प्रतिलिपिः-**

1. निज सहायक,प्रमुख सचिव, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मंत्रालय, भोपाल ।
2. निज सहायक, आयुक्त, तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश, भोपाल।
3. डा. आर के भारिल्य, वरिष्ठ प्रमुख वैज्ञानिक एकीकृत कौशल विकास परियोजना सी.एस.आई.आर, एम्प्री, भोपाल

अतिरिक्त संचालक
तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश